REIL

# प्रगति इनसाइट्स

खंड 13 अंक 4 जनवरी - मार्च 2018



**संपादक की कलम से.......**

रील ने हिंदी राजभाषा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत जनवरी-मार्च तिमाही का न्यूज़लेटर ''प्रगति इनसाइट्स'' हिंदी में प्रकाशित किया है।

तिमाही के दौरान कंपनी ने कई बहुत बढ़े प्रोजेक्ट्स किये, जिनमे मुख्य हैं : सौर ऊर्जा संचालित पेयजल पम्पिंग प्रणाली, EMAT की उच्चतम स्थापना, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स, PSU Synergy के तहत पब्लिक-प्राइवेट सेक्टर में बड़े आर्डर, GPRS संचालित DPMCU ''एरर-फ्री डेयरी व्यवसाय''इत्यादि।

कंपनी ने फ्यूचर विज़न व टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन पर फोकस करते हुए भी कई MoUs किये हैं और नए प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। डिजिटाईजेशन को भी बराबर महत्व देते हुए एजुकेशन सेक्टर, निर्वाचन विभाग, एवं PUC सेंटर्स को ऑनलाइन करके पारदर्शिता बढ़ाई है।

कंपनी ने देशभर में डेयरी, सोलर के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया एवं कंपनी के उत्पादों/टेक्नोलॉजी को काफी सराहना मिली। कंपनी को कई पुरस्कारों से भी नवाज़ा गया।

कंपनी अपने हितधारको के निरंतर समर्थन और सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद करती है।

**गतिविधियों का सारांश :**


- सीएसआईआर के साथ समझौता
- सोलर हाइब्रिड चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन
- व्यापार प्रमुखताएं
- वीआईपी गैलरी
- ख़बरों में रील
- पुरस्कार एवं पहचान
- सहभागिता
- स्टाफ गतिविधियां


## प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए रील द्वारा सीएसआईआर के साथ समझौता



डॉ. गिरीश साहनी, महानिदेशक, सीएसआईआर एवं सचिव, डीएसआईआर एवं श्री ए.के.जैन, प्रबन्ध निदेशक, रील की उपस्थिति में श्री आर.के गुप्ता, महाप्रबंधक, अनुसंधान एवं विकास विभाग (R&D), एवं श्री एस.ऐ.अकबर, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख, परियोजना प्रबंधन एवं व्यापार विकास (PMBD) ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए

रील, भारतीय डेयरी उद्योग की जरूरतों के लिए प्रभावी लागत, विश्वसनीय समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसे पूरा करने के लिए, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी, भारत सरकार के साथ दूध में मिलावट की पहचान के लिए हैंडहैल्ड सिस्टम – क्षीर टेस्टर, दूध संरचना के विश्लेषण के लिए रैपिड मिल्क एनालाइजर और हैंडहैल्ड मिल्क फैट टेस्टर की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।

यह न केवल डेयरी उद्योग की जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि खाद्य सुरक्षा से संबंधित उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा।

## इलेक्ट्रिक वहिकल के लिए सोलर हाइब्रिड चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन



12 किलोवाट हाइब्रिड सोलर चार्जिंग स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर श्री प्रवीण अग्रवाल, निदेशक, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, श्री ए.के.जैन, प्रबन्ध निदेशक, रील, श्री रवि जैन, सीईओ जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं श्री ए.के. शारदा, अधिशाषी निदेशक, रील एवं श्री आर.के गुप्ता, महाप्रबंधक, अनुसंधान एवं विकास विभाग (R&D), रील

**फेम इंडिया** योजना के निरंतर प्रयास में, रील ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 12 किलोवाट सोलर हाइब्रिड चार्जिंग स्टेशन, रामलीला मैदान, जयपुर में स्थापित किया है, जिसे हाल ही में श्री प्रवीण अग्रवाल, निदेशक, भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार और श्री रवि जैन, सीईओ, जयपुर स्मार्ट सिटी द्वारा देखा गया।

रील ने जयपुर में 3 सोलर हाइब्रिड इलेक्ट्रिकल वाहन चार्जिंग स्टेशनों को विकसित और स्थापित किया है और 200 चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना जयपुर, दिल्ली तथा चंडीगढ़ में प्रक्रिया में है। इसके साथ ही रील की योजना चार्जिंग स्टेशन की मैन्युफैक्चरिंग की भी है।

## व्यापार प्रमुखताएं

वित्त वर्ष 2017–18 के अ–अंकेक्षित (Unaudited) परिणाम अब उपलब्ध हैं। 31 मार्च 2018 तक कंपनी ने चौथी तिमाही के अंत में 245 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे ज्यादा कारोबार किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7% अधिक है। अक्षय ऊर्जा विभाग ने 131.60 करोड़ रुपये और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने अब तक का सर्वाधिक 113.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के अंत तक संचयित ऑर्डर बुकिंग 257.23 करोड़ रुपये रही, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 26% अधिक है।


### डेयरी इलेक्ट्रॉनिक्स

कंपनी द्वारा एरर–फ्री डेयरी समाधान और प्रौद्योगिकी के विलय के निरंतर प्रयास ने उत्तर प्रदेश राज्य में 2500 से अधिक जीपीआरएस युक्त एसपीवी आधारित डाटा प्रोसेसर मिल्क कलेक्शन यूनिट (डीपीएमसीयू) का कार्य प्रारंभ किया गया है। यह समाधान जीपीआरएस सुविधा के साथ स्वतंत्र एवं किफायती है, जो इसको सर्वर के साथ केंद्रीय स्तर से संवाद करके पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं स्मार्ट बनाता है।

डेयरी व्यवसाय में विगत तिमाही में इस महत्वपूर्ण कदम द्वारा कर्नाटक, गुजरात और राजस्थान की दुग्ध सहकारी समितियों से लगभग 1100 नग एएमसीयू, डीपीएमसीयू, ईएमटी और ऑटो–ईएमटी के आदेश प्राप्त किए गए हैं, जिससे 1 लाख से ज्यादा किसान लाभान्वित होंगे।

कंपनी मिल्क कलेक्शन यूनिट को उपलब्ध कराके बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जो कच्चे दूध के परीक्षण और संग्रहण में पारदर्शिता देता है और डिजिटल इंडिया मिशन को सशक्त बनाता है। साथ ही डेयरी क्षेत्र में सौर उर्जा के आर्डर प्राप्ति के साथ सोलर की कुल स्थापना 1.72 मेगावाट तक पहुंच गई है।

तिमाही के अंत में, अभी तक के अधिकतम 396 इलेक्ट्रॉनिक मिल्क एडेल्ट्रेशन टेस्टर (EMAT) स्थापित किये गये हैं, जिससे इस वर्ष की इनकी कुल संख्या 552 हो गई है, जिससे खाद्य सुरक्षा अभियान ग्राहकों तक पहुंच पाया है और शुद्ध दूध प्राप्त करने के उनके आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है।



एसपीवी आधारित डीपीएमसीयू, राजस्थान में स्थापित



ऑटो ईएमटी के साथ एएमसीयू, विजयवाड़ा में

### डिजिटाइजेशन-अन्य पहल

अपने उत्पादों/परियोजनाओं के लिए ऑनलाइन समाधान प्रदान करना रील का एक और महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्र है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के 1 लाख से अधिक परीक्षा फॉर्मों का डिजिटलीकरण किया गया है; निर्वाचन विभाग, राजस्थान को अजमेर, अलवर संसदीय क्षेत्र और मंडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के उप–चुनाव हेतु राज्य स्तरीय एजेंसी के रूप में सेवाएं प्रदान की गई; राजस्थान राज्य महिला आयोग, राजस्थान सरकार आदि को हार्डवेयर की आपूर्ति की गई।

### डबलिंग दी फार्मर्स इनकम

कंपनी ने एनडीडीबी के साथ संयुक्त रूप से अपना पहला पायलट प्रोजेक्ट मुजकुवा सौर उर्जा उत्पादक किसान सहकारी मंडली, जिला आनंद, गुजरात में एकीकृत सौर जल–पंप को सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह ग्रिड से कृषि ऊर्जा खपत को कम करने के लिए एक व्यवहारिक समाधान है और यह परियोजना न केवल सिंचाई संपत्ति के रूप में है बल्कि एक आय–उत्पन्न स्त्रोत भी है जो जलवायु–प्रमाण, जोखिम मुक्त आय प्रदान करने की क्षमता रखता है।



रील अपनी इस सफलता को देश के अधिकाधिक गांवों में दोहराने की योजना बना रही है। यह हाइब्रिड योजना, किसानो की आय को दोगुना करने के प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने में एक बड़ी भूमिका निभाने का कार्य करेगी।

### अक्षय ऊर्जा

रूफटॉप सेगमेंट में कंपनी की भूमिका अपने जागरूकता अभियान और सफलता की कहानियों के माध्यम से मजबूत हो रही है; इसको राजस्थान राज्य में शिक्षण संस्थाओं, सरकारी कार्यालयों, पावरग्रिड भवनों से और मुख्य रूप से उत्तरी क्षेत्र से 1.3 मेगावाट के आदेश प्राप्त हुए हैं। सैन्य इंजीनियरिंग सेवाओं (एमईएस) से 2 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र की टर्नकी परियोजना का आदेश भी प्राप्त किया गया है जो बाड़मेर क्षेत्र में स्थित सशस्त्र बलों द्वारा उपयोग के लिए लगभग 10,000 यूनिट प्रतिदिन बिजली उत्पन्न करेगा।

रील वन्यजीवन की पेयजल की जरूरतों को पूरा करने और चौकी कर्मचारियों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए राजस्थान के वन क्षेत्रों में सौर जल पम्पिंग सिस्टम, सौर ऊर्जा संयंत्र, स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम स्थापित करेगा तथा ऑफ–ग्रिड सेगमेंट में, राजस्थान के 22 कोर्ट परिसरों को भी विद्युतीकृत किया जाएगा।

सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के तहत रील ने PMC का दायित्व निभाते हुए सरकारी भवनों में 60 मेगावाट की स्थापना के लिए RESCO मॉडल के तहत जयपुर, अजमेर और कोटा स्मार्ट सिटी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करके एक और मील का पत्थर हासिल किया है। कंपनी ने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में 950 किलोवॉट



राजस्थान विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र



सीसीटीवी निगरानी प्रणाली द्वारा परीक्षा केंद्रों की निगरानी वेबकास्टिंग द्वारा





जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ( पीएचईडी ), राजस्थान सरकार के लिए सौर ऊर्जा चलित पेयजल प्रणाली

रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों को सफलतापूर्वक स्थापित किया जो कि हरित ऊर्जा के माध्यम से 2500 लाभार्थियों की सहायता करेगा और छात्रों को हरित ऊर्जा के लाभों को शिक्षित करने में एक अच्छा उदाहरण हैं। सरकारी भवनों पर सोलर की स्थापना हेतु जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से 1050 किलोवाट का आदेश भी प्राप्त हुआ है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान सरकार के अंतर्गत ग्रामीण गांवों/आवासों के तहत कम मांग वाले क्षेत्र के लिए बोरवेल आधारित योजनाओं पर रिमोट मॉनिटरिंग आधारित एसपीवी वॉटर पंप संयंत्र के माध्यम से पेयजल की जरूरतों को पूरा कर कंपनी ने इस प्रोजेक्ट को, तिमाही के दौरान सफलतापूर्वक संपन्न किया।

इस संयंत्र की स्थापना से ग्रामीणों को पेयजल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए अब दूर जाने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा, एसपीवी सिस्टम की स्थापना से ग्रामीण लोगों को प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के उद्देश्य को भी पूरा करेगी और उन्हें अक्षय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग के बारे में जागरूक करेगी जिसके परिणामस्वरूप कौशल विकास भी होगा।

PSU Synergy/Corporate Synergy के माध्यम से अपने दायित्व को निभाते हुए रील ने तिमाही के दौरान, एक्सिस बैंक की सीएसआर गतिविधि के निष्पादन के लिए एक बड़ा आदेश प्राप्त किया है, जिससे इस तिमाही के दौरान कुल लगभग 5000 एसपीवी आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम हो गए हैं। गांवों में एसपीवी स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम की स्थापना से इन क्षेत्रों में सुरक्षा के उद्देश्य के साथ इनके व्यावसायिक समय एवं रात्रि समय में विस्तार से ग्रामीण जनता के सामाजिक–आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

## नवीन परियोजनाएं

**राजस्थान मोटर वाहन प्रदूषण परीक्षण केंद्र योजना ( ऑनलाइन ) - 2017 के तहत** रील के मोबाइल ऐप (सीपीयूसीसी) और वेब आधारित https://rajasthanpuc.in समाधान के माध्यम से अभी तक **8.95 लाख वाहन प्रमाण पत्र तैयार किए गए हैं।** सीपीयूसीसी परियोजना को पूरे राजस्थान में लागू करने के लिए सर्वेक्षण भी पूरा कर लिया गया है।

रील ने शिक्षा क्षेत्र के लिए डिजिटल सुरक्षा समाधान प्रदान करना जारी रखा और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से प्राप्त आदेश पर 265 परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली द्वारा संवेदनशील/अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की वेबकास्टिंग हेतु 4581 कैमरे लगाये। कंपनी ने निर्वाचन विभाग, राजस्थान सरकार से प्राप्त आदेश पर उप चुनाव 2018 के मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग के लिए भी 313 कैमरे लगाये ।

रील ने ईईएसएल के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) के रूप में अपनी भूमिका में, स्ट्रीट लाइट नेशनल प्रोग्राम (एसएलएनपी) के तहत, इस तिमाही के दौरान 10446 एलईडी लाइट्स सफलतापूर्वक स्थापित की हैं, जिससे राजस्थान के 17 शहरी स्थानीय निकायों में अभी तक कुल 3.04 लाख लाइट्स स्थापित हो गई है। कंपनी ने सैंपलिंग आधार पर 173 शहरी स्थानीय निकायों के एलईडी स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट की तृतीय पक्षकार का निरीक्षण कार्य को भी सफलतापूर्वक निष्पादित किया है।

## पुरस्कार एवं पहचान

### इंडिया प्राइड पुरस्कार

कंपनी को मिनी–रत्न II श्रेणी में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित **''इंडिया प्राइड पुरस्कार''** मिला। प्रबन्ध निदेशक, रील को यह पुरस्कार श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय केंद्रीय मंत्री, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य प्रसिद्ध शख़्सियतों की विनीत उपस्थिति में होटल अशोक, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 28.03.2018 को प्रदान किया गया।






### गवर्नेंस नाऊ पीएसयू पुरस्कार

कंपनी को बिजनेस विविधीकरण और तकनीकी नवाचार अधिग्रहण श्रेणियों मे ''गवर्नेंस नाऊ पीएसयू पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया। प्रबन्ध निदेशक, रील को यह पुरस्कार श्री मनसुख एल. मांडवीया, माननीय केंद्रीय मंत्री सड़क राज्य परिवहन, राजमार्ग और नौवहन एवं रसायन और उर्वरक, श्रीमती कृष्णा राज, माननीय केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री और श्री राजू श्रीवास्तव, स्वच्छ भारत अभियान ब्रांड ऐम्बेसडर ने नई दिल्ली में 27.02.2018 को प्रदान किया।

### बिजनेस लीडरशिप पुरस्कार

प्रबन्ध निदेशक, रील को भारत अचीवर्स फोरम द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित ''बिजनेस लीडरशिप पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार श्री सुनील शास्त्री और मुख्य संरक्षक आईएएफ और डॉ. यारोस्लाव तारासियूक, रूसी संघ के व्यापार आयुक्त द्वारा, भारत अचीवर्स फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम दिल्ली में 20.02.2018 को प्रदान किया गया।

### 50 सबसे महत्वपूर्ण सोलर लीडर पुरस्कार

प्रबन्ध निदेशक, रील को विश्व सोलर कांग्रेस द्वारा ''50 सबसे प्रभावशाली सोलर लीडर (वैश्विक लिस्टिंग)'' मुंबई ताज लैंडस एंड, मुंबई में 18.02.2018 को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार श्री ए. के. जैन को भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज की प्रगति और विकास के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए तथा तकनीकी को ग्रामीण जनता तक पहुँचाने के साथ शहरी क्षेत्र को कवर करने तथा भारत सरकार के मिशन के अनुरूप संरेखित होने हेतु प्रदान किया गया।

## सहभागिता

### 46 वां डेयरी उद्योग सम्मेलन और डेयरी एक्सपो

श्री ए.के. जैन, प्रबन्ध निदेशक, रील ने इंडियन डेयरी एसोसिएशन (IDA) द्वारा 08.02.2018 से 10.02.2018 तक कोच्चि में आयोजित 46 वें डेयरी उद्योग सम्मेलन और डेयरी एक्सपो ''डेयरीः पर्याप्तता से कार्यक्षमता'' के दौरान ''2022 तक किसान की आय दोगुनी करना'' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने साझा किया कि सरकार कृषि क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए दबाव डाल रही है जिनका उद्देश्य उत्पादन से प्रेरित न होकर आय आधारित नेतृत्व वाली रणनीति को प्राथमिकता देना है और रील इस महत्वाकांक्षी उद्देश्य के लिये प्रयासरत है, जिससे किसान की आय दोगुनी हो सके।

कंपनी ने आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया और रील स्टॉल पर गणमान्य व्यक्तियों, डेयरी पेशेवरों और आगंतुकों को प्रभावी लागत, बी2बी और बी2सी, भारतीय डेयरी उद्योग और खाद्य सुरक्षा से संबंधित उपभोक्ताओं की जरूरतों से जुड़ें विश्वसनीय समाधानों से आकर्षित किया।

46 वें डेयरी उद्योग सम्मेलन की झलकियां








## भारत औद्योगिक मेला 2018

कंपनी ने उद्योग विभाग (राजस्थान सरकार) और लघु उद्योग भारती आईआईएफ 2018, जेईसीसी सीतापुरा, जयपुर में 05.01.2018 से 08.01.2018 तक आयोजित आईआईएफ 2018 में अपनी उत्पाद श्रृंखला प्रदर्शित करके सक्रिय रूप से भाग लिया और बी2बी और बी2सी गतिविधियों पर बातचीत की, जिससे युवा उद्यमियों और एमएसएमई के लिए वैश्विक स्तर पर उनके उत्पादों को प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान हो सके।

कंपनी ने अपने नवाचार और मूल्यवान अनुभवों को साझा किया, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज के विकास की दिशा में योगदान दिया है और प्रौद्योगिकी को ग्रामीण लोगों के बीच पहुंचाना, जिसमें शहर के साथ–साथ भारत सरकार के मिशन जैसे राष्ट्रीय डेयरी योजना, सोलर मिशन, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्वच्छ भारत मिशन शामिल है।



एम.डी., रील कम्पनी की स्टाल का उद्घाटन करते हुए

## ''सोलर रूफ्स 2018'' – तीसरी रूफटॉप कॉन्फ्रेस

रील, जयपुर, आरआरईसीएल और आरएसए द्वारा आयोजित सोलर रूफ्स पर औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय छतों के लिए अखिल भारतीय व्यापार श्रेणी पर उद्घाटन सत्र में 16.03.2018 को श्री ए.के. जैन, प्रबन्ध निदेशक ने अजमेर में व्याख्यान दिया। उन्होंने सौर ऊर्जा पैदा करने के लिए अप्रयुक्त छत की जगहों पर बड़ी संभावित उपलब्धता पर जोर दिया और छतों की सेवाशीलता प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए सही कदम सुझाए और सोलर रुफटॉप क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए भविष्य में आवश्यक कदम या तो कैप्टिव आवश्यकता या अतिरिक्त उर्जा को ग्रिड में फीड करने के बारे में बताया।

महाप्रबंधक (वर्क्स), श्री पीयूष पालीवाल ने रूफटॉप सौर परियोजनाओं में कंपनी की पहुंच पर भी प्रस्तुति दी और हमारे देश में रूफटॉप सेक्टर के लिए प्रवृत्तियों और भविष्य के अवसरों के बारे में चर्चा की।




एम.डी., रील कम्पनी कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्बोधित करते हुए

## हैप्पी विलेज पैवेलियन

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित आईटी दिवस समारोह के अवसर कंपनी ने जयपुर डेयरी के साथ मिलकर जवाहर कला केंद्र, जयपुर में 18.03.2018 से 21.03.2018 तक सक्रिय रूप से भाग लिया और 'हैप्पी विलेज' पैवेलियन में कार्यात्मक महिला डेयरी सहकारी समिति में एएमसीयू मॉडल का प्रदर्शन किया।

पशुधन विकास गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी में बढ़ती हुई प्रवृत्ति है, जिससे ग्रामीण समुदायों में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवार सशक्तिकरण की ओर अग्रसर है।



कम्पनी द्वारा ए.एम.सी.यू मॉडल का प्रदर्शन

## कृषि उन्नति मेला

कंपनी ने कृषि और किसान कल्याण, पशुपालन विभाग, डेयरी और मत्स्यपालन मंत्रालय द्वारा आयोजित कृषि उन्नति मेला, नई दिल्ली में 16.03.2018 से 18.03.2018 तक सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मंच ने नए भारत के दो प्रहरी – किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान किया।





# स्टाफ गतिविधियाँ

## प्रशिक्षण

तिमाही के दौरान विभिन्न डोमेन पर आंतरिक और बाहरी स्तर पर कम्पनी कर्मचारियों के लिए कुल 84 प्रशिक्षण कार्य दिवस आयोजित किए गए। इस दौरान विभिन्न विषयों पर कम्पनी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें मुख्यरूप से ACR का ऑनलाइन मूल्यांकन, उद्योग में सदस्यों के लिए संगोष्ठी, माल सेवा कर (GST) व ई–वे बिल, सीएसआर अध्ययन इकाई की स्थापना, राजभाषा हिन्दी का कार्यालय गतिविधियों में सक्रिय रूप से उपयोग एवं प्रतिभा प्रबंधन और कैरियर प्रगति इत्यादि।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस

कम्पनी परिसर में 25.01.2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री ए. के. जैन ने सभी कर्मचारियों को मतदान के प्रति उत्साह, सहभागिता एवं समर्थन के लिए शपथ दिलाई। इस दिन का उद्देश्य युवा भारतीय मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। वोट किसी भी लोकतांत्रित देश के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है।

## गणतंत्र दिवस

कंपनी परिसर में 26.01.2018 को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक, श्री ए. के. जैन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, साथ ही सभी उपस्थित कर्मचारियों व उनके परिजनों द्वारा राष्ट्रीय गान गाकर देश के 69 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति सम्मान व देश प्रेम की भावना प्रकट की गयी। इस अवसर पर कंपनी में वर्ष 2017–18 में हिन्दी पखवाड़ा, स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा स्वच्छ भारत अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

**(अ) 1. निबन्ध प्रतियोगिता : (प्रतिभागी–रील कर्मचारीगण)**

**"वस्तु एवं सेवा कर – (जी एस टी) : स्वतंत्रता पश्चात् सबसे बड़ा आर्थिक सुधार"**

**प्रथम पुरस्कार** – श्री हरीश यादव
**द्वितीय पुरस्कार** – श्री पुष्कल अग्रवाल
**तृतीय पुरस्कार** – श्री एल. एल. सुथार

**2. निबन्ध प्रतियोगिता : (प्रतिभागी–विद्यार्थीगण, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मीनावाला एवं संस्कार विद्यालय, सिरसी रोड़, जयपुर**

**"स्वच्छ संकल्प से स्वच्छ सिद्धि–स्वच्छ भारत मिशन अथवा विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व"**

**प्रथम पुरस्कार** – सुश्री नेहा कुमारी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मीनावाला
**द्वितीय पुरस्कार** – सुश्री महिमा, संस्कार विद्यालय
**तृतीय पुरस्कार** – सुश्री नेहा शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मीनावाला

**(ब) 1. हिन्दी नारा (स्लोगन प्रतियोगिता : (स्वच्छता ही सेवा अभियान)**

**प्रथम पुरस्कार** – श्री प्रवीण सिंह
**द्वितीय पुरस्कार** – श्री पुष्कल अग्रवाल
**तृतीय पुरस्कार** – श्री पुरूषोत्तम कौशिक

**2. हिन्दी नारा (स्लोगन) प्रतियोगिताः (स्वच्छ भारत अभियान)**

**प्रथम पुरस्कार** – श्री संदीप प्रेम
**द्वितीय पुरस्कार** – श्री निर्मल कुमार रांका
**तृतीय पुरस्कार** – श्री अजय मिश्रा

**(स) वाद विवाद प्रतियागिता : "वस्तु एवं सेवा कर" – पक्ष एवं विपक्ष**

**प्रथम पुरस्कार** – श्री अजय मिश्रा
**द्वितीय पुरस्कार** – श्रीमति रेणु मीणा
**तृतीय पुरस्कार** – श्री पी.पी.एस. चौहान

**(द) हिन्दी गद्यांश सार प्रतियोगिता**

**प्रथम पुरस्कार** – श्री आशीष रावत
**द्वितीय पुरस्कार** – सुश्री रिमझिम शर्मा
**तृतीय पुरस्कार** – श्री पुष्कल अग्रवाल

**(य) हिन्दी व्याकरण प्रतियोगिता**

**प्रथम पुरस्कार** – श्री प्रवीण सिंह
**द्वितीय पुरस्कार** – श्री पुष्कल अग्रवाल
**तृतीय पुरस्कार**– श्री ललित कुमार बंसल

## राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह

कंपनी परिसर में दिनांक 12.02.2018 से 18.02.2018 तक "राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2018" का आयोजन किया गया। इस बार "उत्पादकता सप्ताह" की थीम "उद्योग 4.0, भारत के आगे बढ़ने का अवसर" थी। कंपनी में समस्त कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए चिन्हित स्थानों पर पोस्टर व बैनर का प्रदर्शन किया गया।

इस का उद्देश्य सभी संबंधित पक्षों की और ध्यान आकर्षित करने और उत्पादकता उपकरण और समकालीन प्रासंगिक विषयों के साथ तकनीक के कार्यान्वयन के लिए प्रोत्साहित करना है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक 08.03.2018 को "अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस" के अवसर पर कंपनी परिसर में महिला सशक्तिकरण एवं राष्ट्र के उत्थान एवं विकास में योगदान के लिए महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी में कार्यरत समस्त महिला कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया व अपने विचार व्यक्ति किए। इस अवसर पर सभी महिला प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आधारित एक विशेष लघु फिल्म भी दिखाई गई।

संबंधित छायाचित्र अगले पृष्ठ पर देखें

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस**



**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**



**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**



**निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व**




**गणतंत्र दिवस**



## सेवानिवृत्ति

श्रीमती मधु शर्मा, वरिष्ठ सहायक, दिनांक 31.03.2018 को कंपनी की सेवा से सेवानिवृत्त हुई।



श्री ए. के. जैन, एम.डी. रील, श्रीमती मधु शर्मा को स्मृति चिन्ह पेश करते हुए

23 वर्षों तक उन्होंने वित्त एवं लेखा विभाग में ईमानदारी के साथ समर्पित प्रयासों से कार्य किया व कंपनी के विकास में अपना पूर्ण योगदान दिया।

कंपनी उन्हें खुशहाल, स्वस्थ्य और समृद्ध जीवन के लिए शुभकानाएं देती है।

## निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (Corporate Social Responsibility) के अन्तर्गत कंपनी द्वारा इस तिमाही के दौरान निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन लुईब्रेल दृष्टिहीन विकास संस्थान, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर में किया गया। इस चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर में, 16 से 79 वर्ष आयु वर्ग के 32 छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों के दाँतों से संबन्धित चिकित्सकीय जाँच की गई। इस शिविर के दौरान सभी छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों को कैल्शियम, आयरन सिरप और प्रोटीन पाउडर युक्त हेल्थ किट के साथ फलों का वितरण भी किया गया।

इस के तहत रील का उद्देश्य समाज के निम्न स्तर एवं अभावग्रस्त स्तर के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, बालिका व नारी सशक्तिकरण, इत्यादि क्षेत्रों में सतत रुप से सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी कमजोरियों से ऊपर उठकर सशक्त रुप से समाज निर्माण में भाग लेवे।

सम्पादक मण्डल : मुख्य सम्पादक - श्री आर. के. गुप्ता, सम्पादक - श्री संदीप प्रेम, सुश्री लवीना बब्बर ईमेल : insights@reil.co.in

त्रैमासिक प्रगति इनसाइट्स, प्रकाशक :
**राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्टस लिमिटेड**
बी-21, काला कॉलोनी, जे.एल.एन. मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर - 302017, राजस्थान (भारत)
फोन : 91-141-2724968, फैक्स : 91-141-2724960, ईमेल : mdo@reiljp.com
मुद्रक : मैसर्स लक्ष्मी प्रिन्टर्स, जयपुर, मोबाईल : 9829125258